# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 10th



aglasem.com

Class : 10th

Subject : हिन्दी

Chapter : 3

Chapter Name : टोपी शुक्ला

Q1. इफ़्फ़न टोपी शुक्ला की कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा किस प्रकार से है?

Answer. इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला दोनों की दोस्ती बहुत ही गहरी थी। वो दोनों एक-दूसरे के बिना पूरे नहीं हो सकते थे। इफ़्फ़न को जब भी अपने मन की कोई बात करनी होती तो वह अपनी दादी या टोपी से कहकर मन हल्का कर लेता था। इसके विपरीत टोपी के लिए सिर्फ दो लोग थे इफ़्फ़न और उसकी दादी। उनके अलावा कोई नहीं थी। इसलिए टोपी की जिंदगी का अटूट हिस्सा इफ़्फ़न था।

Page : 44 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q2. इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं?

Answer. इफ़्फ़न की दादी एक ज़मीदार की बेटी थीं, वो मौलवी की बेटी नहीं थी। वहाँ उनका खान-पान अलग सा था। वहाँ वो दूध,घी,दही आदि खाती थी। लेकिन जब वह लखनऊ आई तो वह इन सब चीजों के लिए तरस गई, क्योंकि वहाँ एक मौलविन जैसे रहना पड़ता था। इसी कारण उनको अपने पीहर जाना पसंद था।

Page : 44 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q3. इफ़्फ़न की दादी अपने बेटे की शादी में गाने-बजाने की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाई?

Answer. दादी की शादी एक मौलवी परिवार में हुई थी। और मौलवी परिवार में गाना-बजाना बिल्कुल पसंद नहीं किया जाता था। इस वजह से दादी बेचारी अपना मन-मारकर दिल मसोस कर रह गई।

Page : 44 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q4. 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई?

Answer. "अम्मी" शब्द जब सबने सुना तो उनकी निगाहें टोपी पर पड़ी। क्योंकि "अम्मी" शब्द उर्दू का शब्द होता है और टोपी ठहरा हिंदू। यह शब्द को सुनकर हमारे समाज की परम्पराओं की दीवारें डोलने लगीं। वहाँ घर में सभी लोग हैरान थे। माँ ने ज़ोरदार डाँट लगाई, दादी गुस्से से गरजी और टोपी की पिटाई भी जमकर हुई थी।

Page : 44 , Block Name : बोध- प्रश्न

Q5. दस अक्टूबर सन पैंतालीस का दिन टोपी के जीवन में क्या महत्त्व रखता है?

aglasem.com

Answer. इफ़्फ़न के पिताजी का तबादला दस अक्टूबर सन पैंतालीस को होने के कारण वो वहाँ से चले गए। इस कारण दो अच्छे और प्रिय दोस्त बिछड़ गए। टोपी ने दुखी होकर मन ही मन यह सोच लिया था कि अब वह ऐसा कोई भी दोस्त नहीं बनाएगा जिसका कभी भी तबादला हो जाता है। इफ़्फ़न की दादी से टोपी बहुत प्यार करता था वह भी अब इस दुनिया में नहीं रहीं थीं और इफ़्फ़न उससे अलग हो गया था। इसी कारण यह दिन उसके लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बन गया।

Page : 44 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q6. टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही?

Answer. टोपी को इफ़्फ़न की दादी बहुत ही प्यार करती थी। उसकी बोली उन्हें तिल के लड्डू  या फिर गुड़ शक्कर जैसी मीठी लगती थी। टोपी की माताजी की बोली भी वैसी ही थी परन्तु उसकी दादी अपनी बहू को बोलने का मौका ही नहीं देती थी। दूसरी तरफ इफ़्फ़न के दादाजी और उनकी अम्मी को टोपी की बोली बिल्कुल पसंद नहीं थीं। इस प्रकार इफ़्फ़न की दादी और अपनी माँ टोपी को एक जैसी लगी । इसी लिए टोपी ने दादी बदलने की बात कही।

Page : 44 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q7. पुरे घर में इफ़्फ़न को अपनी दादी से ही विशेष-स्नेह  क्यों था?

Answer. दादी इफ़्फ़न को सबसे ज्यादा प्यार करती थी, उसे जो भी सहायता चाहिए  होती दादी करती थी। वही इफ़्फ़न के अब्बू अम्मी उसे हमेशा डाँटते रहते थे। उनकी बाज़ी एवं नुजहत भी हमेशा उन्हें परेशान किया करती थी। दादी रात को सोते समय अलग-अलग कहानियाँ जैसे अनार पारी,बहराम डाकू, अमीर हमला, गुलाब काबली, हातिमताई सुनती थी। इसी वज़ह से इफ़्फ़न अपनी दादी से बहुत प्यार करते थे।

Page : 44 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q8. इफ़्फ़न की दादी के देहांत के बाद टोपी को उसका घर खाली-सा क्यों लगा?

Answer.  इफ़्फ़न की दादी और टोपी का रिश्ता वैसा ही था जैसा इफ्फन और उनका। वह दोनों से ही अत्यधिक प्रेम करती थी । अक्सर रात को उसे भी कहानी सुनाती थी। उससे उसकी माँ  का  हाल-चाल जानती थी। यही कारण है कि दादी की मृत्यु हो जाने के पश्चात टोपी को ऐसा लगा जैसे उस पर  से दादी की छत्रछाया ही समाप्त हो गई हो। इस कारण टोपी को इफ़्फ़न का घर दादी के जाने के बाद खाली सा लगा।

Page : 44 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q9. टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग-अलग मज़हब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे। इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए।

Answer. टोपी धर्म से हिंदू था और इफ़्फ़न और दादी मुस्लिम थे।  इसके बावजूद टोपी जब भी वहाँ जाता इफ़्फ़न की दादी के साथ ही बैठता। दादी पूरबी बोलती थी जो उसको बड़ी  मीठी लगती थी। जाते ही दादी सबसे पहले अम्मा के बारे में पूछती। जब टोपी वहां जाता तो उसे दादी से कुछ न कुछ खाने के

aglasem.com

लिए मिलता लेकिन वह  खाता नहीं था। उनका एक-एक शब्द टोपी को गुड़ के समान मीठा लगता था। इसलिए उनका जो रिश्ता था वह बहुत ही अटूट था।

Page : 44 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q10. टोपी नवीं कक्षा में दो बार फ़ेल हो गया। बताइए-

(क) जहीन होने के बावजूद भी कक्षा में दो बार फ़ेल होने के क्या कारण थे?

(ख) एक ही कक्षा में दो-दो बार बैठना से टोपी को किन भावात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ा?

(ग) टोपी की भावात्मक परेशानियों को मद्देनज़र रखते हुए शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक बदलाव सुझाइए?

Answer.

(क) टोपी वैसे तो बहुत होशियार, बुद्धिमान था लेकिन वह फिर भी दो बार फ़ेल हो गया। पहली बार फ़ेल हुआ तब उसका यह कारण यह था कि जब वह पढ़ाई करने बैठता तो मुन्नी बाबू को कुछ न कुछ काम याद आता और वह करना पड़ता। फिर रामदुलारी ऐसी कोई भी चीज़ मंगवाती जो किसी नौकर से नहीं मंगवाई जा सकती थी। तो अच्छे से न पढने के कारण से वह फ़ेल हो गया। फिर दूसरे साल उसे मियादी बुखार आ गया  तो वह परीक्षा नहीं दे पाया इस कारण फ़ेल हो गया।

(ख) टोपी को पहली बार एक कक्षा में छोटे-छोटे बच्चों के साथ बैठना पड़ा। फिर दूसरे साल उसे सातवीं कक्षा के बच्चों के साथ बैठना पड़ा इस कारण उसका कोई दोस्त नहीं बन पाया। वहां अध्यापक भी टोपी का उदाहरण देकर बच्चों को बोलते कि न पढ़ने से क्या होता है। इससे सब बच्चे टोपी का मज़ाक उड़ाते थे। अध्यापक भी उस पर ध्यान नहीं देते थे। कभी उससे कोई सवाल का जवाब नहीं पूछते उसे ये बोलते की अगले साल ही पूछ लेंगे या फिर अभी तक तो याद हो गया होगा। इस प्रकार सभी भावनात्मक आहत करते थे। पर उसने अंत में सभी की इन चुनौतियों को स्वीकार किया और सफलता भी प्राप्त की ।

(ग)  जब बच्चे फ़ेल होते हैं तो भावनात्मक रूप से आहत होते है। इससे उनके मन पर प्रभाव पड़ता है। उनको शर्म आती है,वह खुद को कमतर महसूस करते हैं । इसलिए विद्यार्थी का आँकलन केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं होना चाहिए बल्कि कार्य अनुभव अर्थात कार्य कुशलता को भी ध्यान में रखकर उन्हें उसके लिए प्रोत्साहन देना चाहिए और शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव करने भी आवश्यक हैं।

Page : 44 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q11. इफ़्फ़न की दादी के मायके का घर कस्टोडियन में क्यों चला गया?

Answer. कस्टोडियन पर जाना अर्थात सरकारी कब्ज़ा हो जाना। पाकिस्तान में जब दादी के मायके वाले पाकिस्तान चले गए और वहाँ रहने लगे तो जो घर भारत में था उसको सम्भालने  वाला कोई भी नहीं था। उस पर मालिकाना हक भी किसी का न रहा। इस वज़ह से वह घर सरकारी कब्ज़े में चला गया।

Page : 44 , Block Name : बोध-प्रश्न



Aglasem Schools